आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 05.01.2026** **समय : 07.10 PM**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार,

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछली कई सदियों से सोमनाथ मंदिर का अस्तित्व देश की सभ्यता की अदम्य भावना को दर्शाता है।

2- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने जयपुर में TIE ग्लोबल समिट-2026 में निवेशकों और उद्योगपतियों से की चर्चा।

3- भोपाल में 16 जनवरी से महाभारत पर केंद्रित देश का अब तक सबसे बड़ा सांस्कृतिक आयोजन होगा।

4- प्रदेश में कोहरे के साथ गिरा पारा, 20 जिलों में स्कूलों की छुट्टी, कई जिलों में बदला समय।

**अब समाचार विस्तार से...**

**प्रधानमंत्री सोमनाथ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को गुजरात के सोमनाथ जाएंगे। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के उपलक्ष्य में सोमनाथ में पूरे वर्ष चलने वाले कार्यक्रमों की योजना है। सोमनाथ में आठ से 11 जनवरी तक कई आध्यात्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इससे पहले आज श्री मोदी ने कहा है कि पिछली कई सदियों में सोमनाथ मंदिर पर हुए हमलों के बावजूद मंदिर, भारतीय सभ्यता की आत्मा के जीवंत उदाहरण के रूप में शान से खड़ा हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि यह वर्ष इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि आज से एक हजार वर्ष पूर्व विदेशी आक्रांताओं द्वारा सोमनाथ मंदिर पर पहला हमला किया गया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमनाथ शब्द सुनते ही देशवासियों के मन में अद्भुत साहस और गर्व की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि देश की शाश्वत परंपरा का प्रतीक सोमनाथ मंदिर गुजरात राज्य के पश्चिमी तटीय इलाके प्रभास पाटन में स्थित है।

**सीएम दौरा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने, राजस्थान के जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राजस्थान डिजीफेस्ट TIE ग्लोबल समिट 2026 में 'मध्य प्रदेश राज्य सत्र' में भाग लिया। डॉ. यादव ने यहां प्रमुख उद्योगपतियों व निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा कर मध्यप्रदेश की उद्योग हितैषी नीतियों, निवेश अनुकूल वातावरण और संभावनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश और राजस्थान सदियों से अपनी समृद्ध साझा विरासत, संस्कृति और परंपराओं को संजोए हुए हैं

**शिवराज-जी राम जी**

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मनरेगा योजना में पारदर्शिता लाने के लिए विकसित भारत **जी राम जी** अधिनियम लाया गया है। श्री चौहान ने तमिलनाडु के इरोड में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि योजना में लाभार्थियों के लिए रोजगार की अवधि एक सौ दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को भुगतान समय पर मिलेगा। कृषि मंत्री ने कहा कि रोजगार मिलने के 15 दिन में लाभार्थियों को राशि का भुगतान नहीं होने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाएगा ताकि किसानों को लाभ मिलता रहे।

**धर्मेंद्र प्रधान - पीएम पुस्तक**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज नई दिल्ली में 'खतबात-ए-मोदी' नामक पुस्तक का विमोचन किया। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री प्रधान ने बताया कि यह पुस्तक वर्ष 2014 से 2025 तक प्रधानमंत्री मोदी के स्वतंत्रता दिवस समारोहों पर दिए गए भाषणों का संकलन है। उन्होंने कहा कि इन भाषणों में **सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास** के सिद्धांत पर आधारित प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली का प्रमुखता से वर्णन है। यह पुस्तक प्रधानमंत्री के उर्दू भाषा में अनुवादित भाषणों का संकलन है और इसे उर्दू भाषा के राष्ट्रीय संवर्धन परिषद द्वारा प्रकाशित किया गया है।

**महाभारत आयोजन**

वैश्विक सभ्यताओं के संघर्ष और औदार्य की महागाथा महाभारत पर केन्द्रित देश का पहला और अब तक का सबसे बड़ा सांस्कृतिक आयोजन भोपाल के भारत भवन में 16 से 24 जनवरी तक किया जाएगा। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग अंतर्गत वीर भारत न्यास द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस नौ दिवसीय समागम में महाभारत के विभिन्न आयामों को लेकर नाटक, नृत्य-नाट्य, कठपुतली कार्यशाला, लोक एवं शास्त्रीय प्रस्तुतियाँ, अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल, इमर्सिव डोम थियेटर के माध्यम से युद्ध के खिलाफ शांति का संदेश दिया जायेगा। इस आयोजन को लेकर वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी ने आकाशवाणी से जानकारी साझा की ............................

**ईयर एंडर**

वर्ष 2025 देश की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण अध्याय साबित हुआ है। इस दौरान नीतियां **प्रगति** में और संकल्प **प्रभाव** में बदला है। विशेष श्रृंखला **सुधारों का वर्ष** में आज ऊर्जा क्षेत्र में पिछले वर्ष हुई प्रगति की चर्चा।

**प्रोफेसर भर्ती**

प्रदेश सरकार महाविद्यालयों में पढ़ाई व्यवस्था सुधारने के लिए एक हजार 239 पदों पर असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती करेगी। इसके लिए एमपीपीएससी ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। पहली बार असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा में निगेटिव मार्किंग का भी प्रावधान किया गया है। छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए 2022 से अब तक तीन साल में एमपीपीएससी चौथी बार असिस्टेंट प्रोफेसरों की भर्ती करेगी।

**मौसम**

प्रदेश इस समय कड़ाके की ठंड, शीतलहर और घने कोहरे की चपेट में है। तेज सर्दी और कोहरे को देखते हुए प्रदेश के 20 जिलों में स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है। नर्मदापुरम में अगले दो दिन 6 और 7 जनवरी नर्सरी से कक्षा 8 तक के स्कूलों की छुट्टी घोषित की गई है। वहीं, भोपाल और धार जिलों में बच्चों को ठंड से राहत देने के लिए स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। सीहोर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि आज जिले में सुबह सीजन का सबसे घना कोहरा छाया रहा। घने कोहरे के कारण

विजिबिलिटी घटकर लगभग 15 मीटर रह गई, जिससे एक इमारत से दूसरी इमारत को देख पाना मुश्किल हो गया। ग्वालियर, दतिया, निवाड़ी, छतरपुर, उमरिया, राजगढ़ सहित कई जिलों में शीतलहर का असर देखा गया। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक प्रदेश में इसी तरह का मौसम बने रहने की संभावना है। खंडवा में आज न्यूनतम तापमान 8 डिग्री और अधिकतम 23 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**संक्षिप्त समाचार**

1- पन्ना जिले मे ठण्ड ओर शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया हे। कलेक्टर उषा परमार ने आठवीं तक के स्कूलों के लिए कल और 7 जानवरी के अवकाश घोषित किया है।
2- अशोकनगर में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत नो मेपिंग वाले मतदाताओं को ईआरओ,एईआरओ द्वारा नोटिस पर सुनवाई प्रारंभ हो गई है।
3- सागर संभाग आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि उपभोक्ता के नल कनेक्शन से सैंपल लेकर पानी की जांच कराई जाए।
4- मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त जन-शिकायतों के निराकरण में आगरमालवा पुलिस ने वर्ष 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले को 93.42 प्रतिशत संतुष्टि के साथ लगातार ए ग्रेड प्राप्त हुआ।
इस बुलेटिन में इतना ही, अगला बुलेटिन सुनिए सुबह 7 बजकर 10 मिनिट पर,नमस्कार

---------------------------------------